हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

मोहला जिपं अध्यक्ष नम्रता के खिलाफ अविश्वास की आहट, गरमाई राजनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला पंचायत की सियासत एक बार फिर उबाल पर है। भाजपा की जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह के खिलाफ कथित तौर पर भाजपा के ही जिला पंचायत सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने की साजिश ने जिला पंचायत के भीतर चल रहे खींचतान को खुलकर सतह पर ला दिया है।

जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य लखन कलामे और नरसिंह भंडारी आज सुबह 11 बजे के लगभग कलेक्टर तनुजा सलाम से मुलाकात करने कलेक्टोरेट पहुंचने की चर्चा है। इस वक्त एक जिला महामंत्री भी कलेक्टोरेट में मौजूद थे। बताया जा रहा है कि कलेक्टर से मुलाकात नहीं होने के उपरांत मामले में दोनों सहित अधिकांश जिला पंचायत सदस्य एक साथ मोबाइल स्वीच ऑफ कर अचानक जिले से लापता हो गए हैं। इस घटनाक्रम ने जिला पंचायत की राजनीति में हलचल तेज कर दी है।

कलेक्टोरेट पहुंचे थे जिला पंचायत सदस्य

इस मामले में भाजपा जिला महामंत्री अनिल गुप्ता ने बताया कि उनके दो सदस्य नरसिंग भंडारी तथा लखन कलामे आज सुबह 11 बजे के लगभग कलेक्टोरेट पहुंचे थे। कलेक्टर से मुलाकात नहीं होने पर वे लोग वापस चले गए। वे लोग कलेक्टोरेट क्यों पहुंचे थे, क्या उन लोगों की रणनीति है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है, परंतु जिला छोड़ते हुए भाजपा के जिला पंचायत सदस्यों को मैसेज किया गया है कि वह तत्काल वापस आए नहीं तो कार्रवाई तय की जाएगी।

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला पंचायत सदस्य अचानक हुए लापता

तीर्थयात्रा या रणनीति?

इधर जिला पंचायत के कुछ सदस्यों के तीर्थयात्रा पर यूपी अचानक जाने की जानकारी भी सामने आ रही है। वहीं नम्रता सिंह, भोजेश शाह मंडावी, नेहरू रजक को छोड अधिकांश जिला पंचायत सदस्यों के मोबाइल नंबर बंद बताए जा रहे हैं। उनके राज्य और जिले से बाहर होने की चर्चाओं ने सोशल मीडिया की सियासत को और हवा दे दी है।



बना रहे हैं दबाव



अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने कुछ सदस्य मेरे ऊपर दबाव बना रहे है, लेकिन मैं पार्टी के साथ हूं।

- भोजेश शाह मंडावी
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत

हां हो रही है साजिश



मेरे खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने जैसी साजिश हमारे ही लोग कर रहे हैं, यह दुर्भाग्यजनक है।

- नम्रता सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी

अभियान में गैर मौजूदगी

आज मानपुर तथा मोहला के वासड़ी में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा सेतु अभियान में जिला पंचायत के किसी सदस्य और पदाधिकारी के शामिल नहीं होने की चर्चा भी राजनीतिक गलियारों में हो रही है। इस गैर मौजूदगी को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। ऐसी चर्चा है कि शीघ्र ही सियासी घमासान की स्थिति दिखाई देगी।

खबर संक्षेप

15 अक्टूबर से शुरू होंगे रेत घाट

राजनांदगांव। जिले में रेत की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से 15 अक्टूबर से रेत घाटों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही जिले में शुरू की गई चार नई रेत खदानों में वैधानिक रूप से रेत खनन की प्रक्रिया भी प्रारंभ होगी। रेत घाटों एवं नई खदानों के व्यवस्थित और वैधानिक संचालन से जिले में रेत की स्थानीय स्तर पर उपलब्धता बढ़ेगी। इससे निर्माण कार्यों के लिए रेत की आवश्यकता पूरी करने में सुविधा होगी तथा दूसरे जिलों से रेत मंगाने पर होने वाले अतिरिक्त परिवहन व्यय को कम करने में मदद मिलेगी।

स्थानीय स्तर पर रेत उपलब्ध होने से आम नागरिकों को उचित दर पर रेत मिलने की उम्मीद है। रेत घाटों के संचालन से अवैध रूप से रेत उत्खनन और परिवहन की गतिविधियों पर भी प्रभावी रोक लगाने में सहायता मिलेगी।

वैधानिक स्रोतों से रेत उपलब्ध होने के कारण नागरिकों को अवैध रूप से उत्खनन की गई रेत खरीदने की आवश्यकता कम होगी। इससे रेत के अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगा। प्रशासन द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर निगरानी बनाए रखते नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सभी बिजली उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

महीनेभर में ढाई हजार बिजली उपभोक्ताओं का ही ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश की साय सरकार के निर्देश पर सभी जिलों में बिजली उपभोक्ताओं का भी केवाईसी किया जा रहा है। सभी कनेक्शन की पूरी डिटेल को दुरुस्त करने के लिए शुरू किए गए इस अभियान को लगभग एक महीना बीत चुका है। जिले में पौने चार लाख से अधिक बिजली कनेक्शन है, लेकिन माहभर में महज ढाई हजार कनेक्शन का ही केवाईसी हो पाया है। इस रफ्तार से चले तो केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करने में ही 20 साल का समय लग जाएगा।

हालांकि विभागीय स्तर पर यह दावा किया जा रहा है कि जल्द ही केवाईसी की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी और अधिक से अधिक लोगों का यह कार्य किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार अब तक ई-केवाइसी कराने वालों में ज्यादातर ने मोर बिजली एप से मोबाइल पर प्रक्रिया पूरी की है। रोज औसतन करीब दर्जनभर उपभोक्ता बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंच रहे हैं। ई-केवाइसी की जानकारी ले रहे हैं। अफसर उन्हें प्रक्रिया समझा रहे हैं। अफसरों ने बताया कि उपभोक्ता मोर बिजली मोबाइल एप से घर बैठे ऑनलाइन ई-केवाइसी, नजदीकी वितरण केंद्र या जोन कार्यालय में कर सकते हैं। मीटर रीडर एप से भी ई-केवाइसी करेंगे। आधार ऑथेंटिकेशन, ओटीपी, फिंगरप्रिंट या फेस ऑथेंटिकेशन का विकल्प रहेगा, प्रक्रिया निः शुल्क है। लोगों की मदद के लिए हेल्प डेस्क भी बनाए गए हैं। विभाग के कर्मचारी एवं अफसर इस अभियान को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

खास बातें

- केवाईसी कराने के लिए तीन तरह के विकल्प, घर से भी कर सकेंगे
- सितंबर से शुरू हुई प्रक्रिया, अब तेजी लाने का होगा प्रयास



सुधारा जाएगा नंबर

आधार नंबर और मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद उपभोक्ता के आधार कार्ड की प्रति अपलोड करना अनिवार्य होगा। आधार और बिजली कनेक्शन में दर्ज उपभोक्ता के नाम का शत-प्रतिशत मिलान होने पर ई-केवाईसी पूरी हो जाएगी। यदि दोनों में नाम अलग है तो नाम संबंधी त्रुटि सुधारने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। ई-केवाईसी पूरा होने की सूचना उपभोक्ता को मोबाइल नंबर पर संदेश के माध्यम से दी जाएगी।

रीडरों को केवाईसी की जिम्मेदारी दी

बताया गया कि लोगों के ई-केवाईसी का कार्य करने मीटर रीडर उपभोक्ता के घर पहुंचकर मोबाइल एप के माध्यम से ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करेगा। यदि किसी उपभोक्ता का नाम विद्युत कनेक्शन एवं आधार कार्ड में अलग है, तो पहले विद्युत कनेक्शन में नाम सुधार करना होगा, जिसके लिए केवल नाम में त्रुटि होने पर कोई प्रोसेसिंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। जबकि मालिकाना हक में परिवर्तन होने पर नियमानुसार शुल्क और दस्तावेज देने होंगे।

जिले में 3 लाख, संभाग में छह लाख कनेक्शन

ई-केवाइसी से यह सत्यापित होगा कि बिजली कनेक्शन जिस व्यक्ति के नाम दर्ज हैं, वह वास्तविक और वैध उपभोक्ता है या नहीं। यह भी पता चलेगा कि फिलहाल कनेक्शन का उपयोग कौन कर रहा है। इससे ऐसे कनेक्शन सामने आएंगे, जिनमें उपभोक्ता की जानकारी अपडेट नहीं है। उपभोक्ता की मृत्यु के बाद भी कनेक्शन पुराने नाम पर दर्ज हैं। कनेक्शन का उपयोग अनाधिकृत रूप से हो रहा है। राजनांदगांव जिले में 294638 बिजली कनेक्शन है। वहीं तीन जिले के 6.83 लाख कनेक्शनों का डिजिटल सत्यापन होना है।

ढारा के फार्म हाउस के करीब फिर दिखा तेंदुआ

अलर्ट मोड पर विभाग, हो रही मॉनिटरिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वनांचल क्षेत्र डोंगरगढ़ में एक बार फिर तेंदुए की मौजूदगी सामने आने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। रात के समय घोटिया रोड के पास तेंदुआ दिखाई देने की सूचना के बाद आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। लगातार वन्य जीवों की मौजूदगी सामने आने के बावजूद निगरानी व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग से सवाल किए हैं।

जानकारी के मुताबिक डोंगरगढ़ से करीब 14 किलोमीटर दूर ग्राम ढारा के पास घोटिया रोड में रात करीब 10 बजे ग्रामीणों की नजर तेंदुए पर पड़ी। बताया जा रहा है कि तेंदुआ ढारा निवासी धवल चावड़ा के फार्म हाउस के आसपास दिखाई दिया। अचानक तेंदुए को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि डोंगरगढ़ क्षेत्र में तेंदुए का विचरण पहले भी कई बार देखा जा चुका है। ऐसे में बार-बार वन्य जीव की मौजूदगी सामने आने के बाद संवेदनशील इलाकों में निगरानी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीण जानना चाहते हैं कि क्या प्रभावित क्षेत्रों में नियमित गश्त और निगरानी की जा रही है।

बच्चों-बुजुर्ग की बढ़ी चिंता

तेंदुए के दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में रात के समय खेतों और फार्म हाउस की ओर जाने को लेकर डर बढ़ गया है। खासतौर पर बच्चों, बुजुर्गों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीण चिंतित हैं। ग्रामीणों की मांग है कि वन विभाग मौके का निरीक्षण कर तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखे और जरूरत के अनुसार निगरानी बढ़ाए।

सिस्टम पर सवाल

ग्रामीणों के बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि ऐसे इलाकों में कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं या नहीं और वन्य जीव की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए क्या इंतजाम किए गए हैं। साथ ही ग्रामीणों को संभावित खतरे के बारे में समय रहते सूचना देने की व्यवस्था को लेकर भी सवाल हैं।

हादसे से पहले ठोस कदम उठाने की मांग

तेंदुए की बार-बार मौजूदगी को देखते हुए ग्रामीण वन विभाग से समय रहते प्रभावी कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि किसी अप्रिय घटना के बाद कार्रवाई करने के बजाय अभी से निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जानी चाहिए। फिलहाल तेंदुए की मौजूदगी से क्षेत्र में डर का माहौल बना हुआ है और ग्रामीण वन विभाग की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

दफ्तरों में जमे अफसरों को अब स्कूलों में लेनी होगी रोजाना दो क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारने और प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा विभाग प्रवास सिंह बघेल ने एक कड़ा और बड़ा फैसला लिया है। लंबे समय से दफ्तरों में बैठकर फाइलों का काम निपटाने वाले शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों और सीनियर शिक्षकों को अब सीधे मैदान में उतार दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किए गए ताजा आदेश के तहत अब इन अधिकारियों को केवल कागजी निगरानी तक सीमित नहीं रहना होगा, बल्कि सीधे क्लास रूम में जाकर बच्चों को पढ़ाना भी पड़ेगा।

जारी आदेश के मुताबिक जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता, सहायक जिला परियोजना अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सहित विभिन्न सहायक परियोजना समन्वयकों को अलग-अलग शासकीय एवं सेजेस विद्यालयों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन सभी अफसरों को आगामी 5 अक्टूबर से नियमित रूप से अपने आबंटित स्कूलों में पहुंचकर रोजाना अनिवार्य रूप से दो कालखंड अध्यापन कार्य कराने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग के इस अभूतपूर्व कदम से जहां शिक्षकों की कमी और लापरवाही पर लगाम लगेगी। वहीं छात्रों को सीधे वरिष्ठ शिक्षकों के अनुभव का लाभ मिलेगा। दफ्तरों की आराम कुर्सी छोड़कर अब इन जिम्मेदार अफसरों को जमीनी हकीकत से रूबरू होना पड़ेगा, जिसे लेकर विभाग में हड़कंप का माहौल है।

आदेश से मचा हड़कंप

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग के इन अफसरों के खिलाफ लगातार अलग-अलग माध्यम से शिकायतें प्राप्त हो रही थी। वहीं पिछले कुछ समय के दौरान विभाग पर भी कई सवाल खड़े हुए, ऐसे में डीईओ ने सख्त एक्शन लेते हुए अब तक कार्यालय में बैठकर ही काम करने वाले सीनियर अफसरों को फिल्ड पर जाने के निर्देश जारी कर दिए है।

इन शिक्षकों को दिया जिम्मा

श्रीमती रश्मि सिंह को सेजेस सर्वेश्वर दास स्कूल, रोहित सिन्हा को स्टेट स्कूल, सतीश ब्यौहारे को सेजेस बख्शी स्कूल, कामनी साहू को हाईस्कूल पेंड्री, रोहिणी सिन्हा को बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल, प्रणिता शर्मा को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कन्हारपुरी, आदर्श वासनिक को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुंदरा और परसराम झाड़े को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हरदी स्कूल में मॉनिटरिंग एवं अध्ययन कार्य के लिए भेजा गया है।

चाकू से लोगों को धमकाया आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाकू दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 30 सितंबर को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम टप्पा में तालाब के पास चाकू लहराकर आम लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को धारदार चाकू सहित पकड़ा गया। आरोपी धर्मेन्द्र सिन्हा के कब्जे से लोहे के पट्टे से निर्मित धारदार चाकू को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई करते न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।





खबर संक्षेप

सभी मदिरा दुकानें आज रहेंगी बंद

मोहला। गांधी जयंती के अवसर पर कल 2 अक्टूबर को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले में संचालित सभी प्रकार की मदिरा दुकानों एवं संबंधित मदिरा अहातों को पूर्णतः बंद रहेंगे। जिले के पदस्थ आबकारी उप निरीक्षकों को अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में उपस्थित रहकर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि गांधी जयंती के दिन सभी प्रकार की मदिरा दुकानें एवं अहाते पूर्णतः बंद रहें।

नन्हे विराट ने दिखाई अपनी प्रतिभा

मोहला। प्राथमिक शाला मांडरी की कक्षा 5वीं के छात्र विराट देहरी ने



अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। विराट ने सौर ऊर्जा पर आधारित एक आकर्षक विज्ञान मॉडल तैयार किया, जिसका प्रदर्शन युवा उड़ान कार्यक्रम में किया गया। विराट द्वारा तैयार मॉडल में सौर ऊर्जा के उपयोग और उसके महत्व को सरल एवं रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। नन्हे छात्र ने अपने मॉडल के माध्यम से स्वच्छ एवं अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कम उम्र में विज्ञान के प्रति विराट की रुचि और मॉडल निर्माण की प्रतिभा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

विज्ञान मेला में छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

डोंगरगढ़। विभाग स्तरीय विज्ञान प्रश्न मंच एवं विज्ञान मेला का



आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दल्ली राजहरा में हुआ। किशोर वर्ग विज्ञान मॉडल में राहुल साहू, रिंकी साहू प्रथम, विज्ञान प्रयोग तरुण वर्ग में पोषण वर्मा प्रथम, विज्ञान मॉडल में पराग वर्मा, सतीश सिंहा प्रथम, विज्ञान प्रश्न मंच में राशि सिंहा, स्मिता वर्मा प्रथम, विज्ञान प्रश्नमंच चैतन्य साहू प्रथम, विज्ञान प्रयोग रसायन शास्त्र में प्रेरणा सिन्हा प्रथम रही।

पांगरीकला में सघन स्वच्छता अभियान

डोंगरगांव। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत डॉ. बाबा साहेब भीमराव



अंबेडकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके धमगाये के निर्देशन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रियांकी गजभिये, डॉ.आशाराम साहू के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने गोद ग्राम पांगरीकला में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान अंतर्गत पंचायत परिसर, प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, सांस्कृतिक मंच तथा गलियों की सफाई की गई। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक उत्पादों , कटीले पेड़ पौधों तथा अपशिष्ट पदार्थों की सफाई की। इस दौरान सरपंच श्याम साय, सचिव किरण रामटेके, शोभित कुमार, अंकुश दीक्षित, दिनेश्वर खरे, अंकिता चेलक, पलक शांडिल्य, परमेश्वर साहू, युवराज साहू मौजूद थे। स्वयं सेवकों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर स्वच्छता का संदेश दिया।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

कलकसा। ग्राम मंगीखुटा के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा



कार्यक्रम का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि जनपद सभापति थनवार मंडावी थे। इस दौरान राजकुमार जामुलकर, सरपंच रेखा सिन्हा, भारतलाल कंवर, अहिल्याबाई कोर्राम, बुधयारिन साहू, भागबती कोर्राम, अहिल्या तुलावी, करुणा मंडावी, लीलाबाई उईके, मोतिन मंडावी, राधिका कंवर, पुष्पा ताम्रकर, सवाना साहू, उषा आचले, पूर्णिमा चन्द्रवंशी, पुनेश्वरी नेताम आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में सुकन्या समृद्धि योजना, घर-घर मुनगा, मातृ वंदना योजना, नोनी सुरक्षा योजना, पोषण वाटिका, सुपोषण चौपाल आदि के बारे में बताया गया।

दिव्यांशी स्पर्धा में करेगी छत्तीसगढ़ का नेतृत्व

अर्जुनी। क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स अंडर 14 स्पर्धा का आयोजन सरस्वती



शिशु मंदिर छतरपुर में किया गया। स्पर्धा में स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा दिव्यांशी देवराज पिता रामकुमार देवराज ने 100 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उसका चयन गाजियाबाद में होने वाली अखिल भारती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वह स्पर्धा में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश का नेतृत्व करेगी। दिव्यांशी को बुंदा वर्मा, तिलक सिन्हा, हेमराय सिन्हा, पूनमचंद साहू, धनीराम यादव, हंसराज सोनकर, अलखराम साहू, चंद्रकला सोनकर, छन्नूलाल हिरवानी, वीरेन्द्र तिवारी, लच्छूराम साहू, अश्वनीकुमार, गायत्री साहू, कोमल साहू, प्रधानाचार्य डामनदास जोशी एवं आचार्य आशा साहू, कुलेश्वरी, राधा इंदौरिया, प्रियंका देशमुख, इंद्रजीत साहू, भूपेश्वरी साहू, क्षमारानी, यामिनी साहू, बिंदु साहू, प्रीति यदु ने बधाई दी है। यह जानकारी क्रीड़ा प्रभारी तोरण सोनकर ने दी।

जीराटोला में वृद्धजनों का सम्मान

सड़क अतरिया। ग्राम पंचायत जीराटोला में गुरूवार को जनपद सदस्य



संगीता अंजु जंघेल के आतिथ्य में वृद्धजन सम्मान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत के 60 वृद्धों को साल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच केसलाल मंडावी, अंजु जंघेल, कपुर खुशरो, शिव पटेल, धनराज पटेल, दसे पटेल, हंसराम पटेल, निर्मल जंघेल, मन्नु जंघेल आदि मौजूद थे।

निधन



संतोष ताने

डोंगरगढ़। स्थानीय भगतसिंग चौक निवासी संतोष ताने का निधन हो गया। उनका अंमित संस्कार जेल रोड मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

सेवा संकल्प अभियान जारी, हो रहे विविध आयोजन

बच्चों ने योजनाओं के लाभ को अपनी कल्पना से सजाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को शिक्षा विभाग ने बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान में ब्लॉक स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

भाषण प्रतियोगिता के प्राथमिक वर्ग में मानसी बीजाभांठा प्रथम, माध्यमिक वर्ग में कुमकुम डोंगरगांव प्रथम रही। चित्रकला प्रतियोगिता के प्राथमिक वर्ग प्रथम जानवी साहू अमलीडीह, द्वितीय गुंजन विश्वकर्मा सेवताटोला, तृतीय डेविल पटेल माथलडबरी, चतुर्थ निष्ठा ठाकुर सेजेस डोंगरगांव, पंचम हंसिका साहू जंतर और छठा स्थान डोमेन्द्र साहू अर्जुनी ने प्राप्त किया। इसी प्रकार माध्यमिक वर्ग में प्रथम निखिलकुमार तुमड़ीबोड़, द्वितीय डिम्पल डोंगरगांव, तृतीय मानसी टप्पा, चतुर्थ खिलेश्वरी मनेरी, पंचम निखल साहू आरगांव, छठा यास्मिन किरगी और सातवा स्थान अनिता कंवर वि नवागांव ने प्राप्त किया। माध्यमिक स्तर की चित्रकला स्पर्धा में प्रथम लक्ष्मण मोहड, द्वितीय यशवंत कुमार किरगी, तृतीय तामेश्वर ठाकुर टप्पा, चतुर्थ उर्वी निषाद अर्जुनी, पांचवां भानेश्वर बीजाभांठा, छठा मानसी चौधरी खुज्जी एवं आसरा की भावना साहू ने सातवा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक शत्रुहन तिवारी, दानीराम वर्मा, एमएल रात्रे, सृष्टि शर्मा, राहुल जैन, स्वाती वर्मा, अनामिका सिन्हा थी।

तिलईरवार में नाटक का मंचन

तुमड़ीबोड़। नमो सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रभारी शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवाभाव ,जनकल्याण और सुशासन से जुड़े संदेशों को प्रभावी एवं जीवंत रूप में विद्यार्थियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को रोचक तरीके से ग्रामवासियों के समक्ष रखा। इस दौरान प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, असीम यदु, नोहर लिल्हारे, राजेश नेताम, जितेंद्र कश्यप, पालकराम वर्मा, हरिचंद यादव, जानकी वल्लभ तंबोली, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, रिचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, रेशमलाल पटेल, मोरध्वज चंद्रवंशी, सरपंच नंदीका कुंजाम, सीएसबी कुंजाम, राजकुमार साहू आदि उपस्थित थे।

पीएम आवास निर्माण में गति लाने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जनपद सीईओ केश्वरी देवांगन ने 1 अक्टूबर को ग्राम पंचायत देवपुराघाट, साल्हेवारा एवं जामगांव पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से चर्चा कर प्रगति की जानकारी ली।

सीईओ ने अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों की स्थिति की समीक्षा करते हुए पंचायत अमले को निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को निर्माण कार्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए उन्हें आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने पंचायत अमले को लंबित आवासों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा हितग्राहियों से सतत संपर्क बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

बालिका शौचालय का लिया जायजा

निरीक्षण के अगले चरण में ग्राम पंचायत आमगांवघाट में निर्माणाधीन बालिका शौचालय का निरीक्षण किया गया। सीईओ ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जनपद सदस्य मन्नू मरकाम, जनपद के अधिकारी-कर्मचारी, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

बैटरी चोर गिरोह के 4 गिरफ्तार



डोंगरगढ़। खेत में खड़े दो ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दोनों बैटरियां बरामद कर ली गई हैं। पुलिस के मुताबिक भंडारपुर निवासी गुरुचरण गजेंद्र ने गत 24 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शीतला मंदिर के पास खड़े दो ट्रैक्टरों से करीब 20 हजार रुपए कीमत की बैटरियां चोरी हो गई हैं। पुलिस ने लगातार पतासाजी के बाद सुकुर देवांगन, अजहर खान, सुजीत देवांगन और करण मरकाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने चारों को जेल भेज दिया है।

भारद्वाज को अर्पित किया श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने नवीन विश्रामगृह में अविभाजित मध्यप्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष स्व परसराम भारद्वाज की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में संध्या देशपांडे, शिशुपाल भारती, रिमी भाटिया, विष्णु लोधी, बशीर खान, हरीश भंडारी, जितेंद्र भाटिया, ओम प्रकाश महानदी, दुलीचंद बडोले, गजेंद्र साहू, रमेश साखरे, बबलू खोब्रागड़े, जयकिशोर अंबादे, प्रशांत कांडे, राहुल यादव, सुरेंद्र अंबादे, वीरेंद्र पाल, दशरथ ठाकुर, संजीव गुप्ता, रितेश रामटेक, हीरा मेश्राम, केशव टांडी, रंजीत खरे सहित अन्य मौजूद थे।



पुल पर ठेला-खोमचों का जमघट



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रेलवे स्टेशन से नगर पालिका कार्यालय होते हुए गोल बाजार जाने वाले मार्ग पर लाखों की लागत से पुल का निर्माण कराया गया है। निर्माण के कई वर्ष बाद भी पुल का उद्घाटन नहीं हो सका है। इस पुल पर ठेला-खोमचे वालों में अपना डेरा जमा लिया है जिसके चलते आमजन अब भी करीब 100 वर्ष पुराने पुल से आवागमन कर रहे हैं। वर्तमान में इस पुल को प्रशासन खंडित घोषित कर चुका है। जर्जर पुल से लगातार आवागमन होने के कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।

आवागमन बाधित

नए पुल पर ठेला-खोमचे वालों का कब्जा होने से लोग आवाजाही नहीं कर पा रहे है। यहां ठेला-खोमचे वालों का कब्जा होने से परेशानी खड़ी हो गई है। इस आशय की शिकायत होने के बाद सीएमओ ने राजस्व निरीक्षक अमर करसे को तलब कर नए पुल से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। अब देखना है कि प्रशासन कार्रवाई कब तक शुरू करता है।

आभूषण कारोबारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर शाखा कार्यालय ने आभूषण विक्रेताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आभूषण कारोबारियों को बीआईएस मानक, हॉल मार्किंग एवं लाइसेंसिंग प्रक्रिया से अवगत कराया गया। उपभोक्ताओं को मानक अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण आभूषण उपलब्ध कराने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सुश्री जूही बंसोड़ आयोजन की रूपरेखा एवं उद्देश्य के बारे में बताया। इस अवसर पर सहायक अनुभाग अधिकारी रूपेश कुशवाहा बीआईएस की विभिन्न गतिविधियों के संबंध में बताया। हाल मार्किंग सेंटर के प्रमुख योगेन्द्र कुमार ने हॉलमार्किंग योजना पर विस्तृत जानकारी देते हुए सोने एवं चाँदी की विभिन्न मिश्र धातुओं, आभूषणों एवं कलाकृतियों की शुद्धता ग्रेड तथा हॉल मार्किंग से संबंधित बिंदुओं को समझाया। हॉल मार्किंग लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में विजय चौरड़िया, शैलेंद्र जैन, वीरेंद्र सोनी सहित अन्य आभूषण बिक्रेता शामिल हुए।

महिलाओं ने योजनाओं को सराहा, जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत गुरूवार को घोरदा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1, 2, 3 में आंगन मिलन सेवा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड, राजगामी संपदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, पुष्पा उईके, उमेश साहू, राजू साहू, पूर्णानंद साहू, सोनी मैडम, सीएचओ तस्मीन, आरएचओ लोकेश चंदन, गूंजा साहू, ऊषा साहू, प्रियंका, सरपंच सूर्यकांत साहू, लक्ष्मी सोनकर सहित अन्य मौजूद थे।

चौपाल में राज्य एवं केन्द्र शासन की योजनाओं के बारे में बताया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की राशि का बेहतर उपयोग करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया।



स्काउट प्रशिक्षण शिविर 9 से



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

■ बैठक में तैयारियों की समीक्षा

स्थानीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में विकासखंड स्तरीय द्वितीय सोपान स्काउट गाइड प्रशिक्षण का आयोजन होना है जिसकी तैयारी शुरू हो गई है। शाला समिति के अध्यक्ष पीताम्बर निषाद ने बताया कि चार दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण के आयोजन के लिए जिला संगठन आयुक्त भारती रजक, अर्चना नेताम, रमेशदास साहू, संतराम साहू ने किया। यह आयोजन आगामी 9 से 12 अक्टूबर तक होना है। इसी सिलसिले में शाला समिति की बैठक में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा बनाना तय किया गया।

अध्यक्षता नगर पंचायत उपाध्यक्ष नोहेन्द्र सिन्हा करेंगे। बैठक में प्रभारी प्राचार्य जवाहरलाल टंडन, इंदिरा वर्मा, युवराज सिंह चंदेल, रूपेश साहू, ऋषि वर्मा, सीएल कन्नौजे, खिलेश यादव, सूरज पात्रे, टीकम यदु, संतोष सेन, योगेश्वरी पटेल, ममता वर्मा उपस्थित थे।

दाम सत्याग्रह 5 को रायपुर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



किसानों की समस्याओं एवं लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को कृषि उपज मंडी राजनांदगांव में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विष्णु लोधी शामिल हुए।

बैठक में किसानों की समस्याओं, धान का उचित मूल्य, लंबित अंतर राशि तथा राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया राशि सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में किसानों ने कहा कि खेती की बढ़ती लागत और कृषि से जुड़ी आर्थिक चुनौतियों के बीच किसानों को उनकी उपज का उचित एवं सुनिश्चित मूल्य मिलना बेहद जरूरी है। किसानों के अधिकारों और उनकी लंबित मांगों को लेकर आगामी 5 अक्टूबर को रायपुर में दाम सत्याग्रह अंतर्गत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।इस मौके पर विष्णु लोधी ने कहा कि धान केवल एक फसल नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अर्थतंत्र की रीढ़ है। किसान पूरे वर्ष मेहनत कर अन्न पैदा करता है, लेकिन उत्पादन लागत बढ़ने के बावजूद सुनिश्चित दाम नहीं मिलता, तो इसका प्रभाव किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि किसानों की मांगों पर शीघ्र निर्णय होना चाहिए।



खबर संक्षेप

डॉ. अनघा की उल्लेखनीय सफलता

डोंगरगढ़। चिकित्सक प्रमोद की पुत्री डॉ. अनघा तेम्भुर्नीकर ने



आल इंडिया लेबल की परीक्षा में 4576 वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। डॉ. अनघा तेम्भुर्नीकर का शैक्षणिक जुड़ाव मेडिकल कॉलेज नागपुर से रहा है। राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में 4576वीं रैंक हासिल करना उनकी मेहनत, लगन का परिणाम है। डॉ. अनघा को परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव। ग्राम तेंदुनाला में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु तथा राजनांदगांव सिन्हा समाज महिला मंच की जिलाध्यक्ष निर्मला जितेंद्र सिन्हा अतिथि के रूप में शामिल हुई। अतिथियों का कार्यक्रम स्थल पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों और महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण सेवाओं का केंद्र हैं। सिन्हा समाज महिला मंच की जिलाध्यक्ष निर्मला जितेंद्र सिन्हा ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय सहभागिता से परिवार और समाज को मजबूत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में सरपंच बसंत निषाद, उपसरपंच ठाकुरराम वर्मा, पंच पप्पू सिन्हा, जयलाल पड़ोती समेत हक्कन पटेल, भीष्म सिन्हा, फलीता साहू, प्रीति सिन्हा, भाना वर्मा, अन्नू ठाकुर, चन्द्रिका जामुनकर, फगनी नेताम, आशा वर्मा, हिरमनी साहू, सती साहू, रेखा साहू, सरोज वर्मा, द्रोपती ठाकुर, शारदा साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

इंजीनियरों की कमी से अटके पंचायतों के विकास कार्य

कार्य प्रारंभ कराने से लेकर पूर्ण कार्यों के मूल्यांकन तक सरपंच परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

क्या जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में इंजीनियरों की कमी विकास कार्यों की रफ्तार पर भारी पड़ रही है? क्या पर्याप्त तकनीकी अमला नहीं होने के कारण सरपंचों को स्वीकृत कार्य शुरू कराने से लेकर पूर्ण हो चुके कार्यों के मूल्यांकन और सत्यापन तक परेशानी उठानी पड़ रही है? पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार मौजूदा स्थिति का असर निर्माण कार्यों से जुड़े मटेरियल सप्लायरों और मजदूरों के भुगतान पर भी पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव में कार्यरत इंजीनियरों के पास वर्तमान में करीब 10 से 12 ग्राम पंचायतों का प्रभार बताया जा रहा है। वहीं दो इंजीनियरों का अचानक डोंगरगढ़ ब्लॉक स्थानांतरण होने के बाद उनकी पंचायतों का प्रभार अन्य इंजीनियरों के बीच बांटने की प्रक्रिया को लेकर भी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि सीमित तकनीकी अमले के भरोसे इतनी बड़ी संख्या में पंचायतों के विकास कार्यों की निगरानी और तकनीकी प्रक्रिया समय पर कैसे पूरी होगी?

तकनीकी स्वीकृति से मूल्यांकन तक कितनी होगी देरी?

पंचायतों में विकास कार्य स्वीकृत होने के बाद तकनीकी प्रक्रिया पूरी कराने और कार्य प्रारंभ कराने में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद उसका मूल्यांकन एवं सत्यापन भी आवश्यक होता है। इसके बाद ही भुगतान से संबंधित प्रक्रिया आगे बढ़ती है। ऐसे में यदि एक इंजीनियर के पास बड़ी संख्या में पंचायतों का प्रभार हो तो क्या सभी पंचायतों के कार्यों का निरीक्षण और मूल्यांकन समय पर संभव है? पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि इसी वजह से कई कार्यों की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।



भुगतान में देरी से सरपंचों पर बढ़ रहा दबाव?

सरपंचों के अनुसार निर्माण कार्यों से जुड़े मटेरियल सप्लायरों और मजदूरों को समय पर भुगतान नहीं होने की स्थिति में संबंधित लोग पंचायत प्रतिनिधियों से भुगतान को लेकर सवाल करते हैं। ऐसे में क्या तकनीकी मूल्यांकन और सत्यापन में होने वाली देरी का दबाव सीधे सरपंचों पर पड़ रहा है? कई सरपंचों ने इसे अपने लिए मानसिक और सामाजिक परेशानी की स्थिति बताया है।

दो इंजीनियरों के स्थानांतरण के बाद व्यवस्था पर सवाल?

दो इंजीनियरों के डोंगरगढ़ स्थानांतरण के बाद उनके अधीन आने वाली पंचायतों के प्रभार के समुचित वितरण को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि जब तक नए इंजीनियरों की पदस्थापना नहीं होती अथवा वर्तमान इंजीनियरों के बीच पंचायतों का व्यवस्थित पुनर्वितरण नहीं किया जाता, तब तक विकास कार्यों की गति प्रभावित हो सकती है। स्थानीय स्तर पर राजनीतिक खींचतान और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर भी तरह-तरह की चर्चाएं हैं, लेकिन इनसे जुड़े आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन तकनीकी अमले की कमी को दूर करने के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करेगा? क्या लंबित कार्यों के मूल्यांकन और सत्यापन के लिए अतिरिक्त तकनीकी कर्मचारियों की व्यवस्था की जाएगी? और क्या मटेरियल सप्लायरों व मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित हो पाएगा? पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से तकनीकी अमले की कमी दूर करने, लंबित कार्यों के मूल्यांकन एवं सत्यापन के लिए तत्काल व्यवस्था बनाने तथा विकास कार्यों की प्रक्रिया को सुचारु करने की मांग की है।

काम का बढ़ता दबाव, इंजीनियर भी परेशान?

सूत्रों के अनुसार इंजीनियरों पर पंचायतों की संख्या और तकनीकी कार्यों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। कुछ समय पहले इंजीनियर रोहित राव द्वारा काम के दबाव के चलते इस्तीफा दिए जाने की बात भी सामने आई थी। वहीं पिछले करीब पांच वर्षों से नए इंजीनियरों की भर्ती नहीं होने की वजह से उपलब्ध तकनीकी कर्मचारियों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी बढ़ने की बात कही जा रही है। इंजीनियरों की ओर से भी सीमित संख्या में कर्मचारियों के माध्यम से बड़ी संख्या में पंचायतों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण, मूल्यांकन, सत्यापन और अन्य तकनीकी कार्य संभालना चुनौतीपूर्ण बताया जा रहा है। ऐसे में अतिरिक्त पंचायतों का प्रभार मिलने पर पहले से लंबित कार्यों पर और असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

सहायता दिलाने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नक्सल हिंसा के शिकार गणेश वर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को आवेदन सौंपकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। उन्होंने आवेदन में बताया कि उसके पिता स्व. सुगरूराम वर्मा नक्सल हिंसा का शिकार हुए थे।

परिवार ने मुश्किल हालात में गुजरते हुए पुनर्वास नीति के तहत मिलने वाली सहायता के लिए लगातार प्रयास करते रहा। कलेक्टर कार्यालय में गत 31 अगस्त को सहायता राशि के लिए आवेदन दिया गया जो अब तक लंबित है। उन्होंने पुनर्वास नीति के तहत 15 लाख दिलाने की मांग की है।

देवांगन समाज भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



देवांगन समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग पर दाऊचौरा वार्ड मे देवांगन भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत किए जाने पर समाज ने प्रभारी मंत्री लखन देवांगन, उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है।

गौरतलब है कि जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के नेतृत्व में वार्ड पार्षद विनय देवांगन ने समाजिक भवन में अतिरिक्त कक्ष की मांग को लेकर जिले के प्रभारी मंत्री लखन देवांगन से राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया था। प्रभारी मंत्री ने त्वरित पहल करते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कारवाई सनिश्चित कर राशि स्वीकृत करने का अनुरोध किया। इसके बाद अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। लंबे समय से चली आ रही मांग पर त्वरित कारवाई करते हुए राशि स्वीकृत किए जाने पर पार्षद विनय देवांगन सहित देवांगन समाज के जिला अध्यक्ष जीवन देवांगन, अनुज देवांगन, अर्जुन देवांगन, मदन देवांगन, सेवक देवांगन, रूपेश देवांगन, कृपाराम देवांगन, युवराज देवांगन, ईश्वर देवांगन, शिव प्रसाद देवांगन, काशीराम देवांगन, राजेश देवांगन, रामावतार देवांगन, सुरेश देवांगन, उमेश देवांगन, लल्लू देवांगन, कोइराम देवांगन, हीरालाल देवांगन, जिलोष्ठी देवांगन, लाड़राम देवांगन, रतन देवांगन, क्षेत्र देवांगन, मोरध्वज देवांगन, कन्ध्या देवांगन, पन्ना देवांगन, मनोज देवांगन, हीरालाल, तुलाराम देवांगन सहित अन्य ने दोनो मंत्रियो का आभार व्यक्त किया है।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर समाज कल्याण विभाग के समन्वय से स्वास्थ्य विभाग द्वारा वृद्धजनों के सम्मान, स्वास्थ्य परीक्षण और उनके कल्याण को समर्पित विभिन्न गतिविधियों व स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ बिसेसर साहू, शशांक ताम्रकार, शताक्षी देवव्रत सिंह, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, सीएमएचओ डॉ अनिल कुमार शुक्ला की उपस्थिति मे आयोजित कार्यक्रम मे वृद्धजनों सहित आम नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निशुल्क जांच, रक्त परीक्षण, निशुल्क चश्मा वितरण, टीबी, मुख जांच, शुगर, बीपी जांच उपरांत रक्तदान और नेत्रदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। आयुष विभाग द्वारा शिविर में विशेष सहभागिता करते हुए बुजुर्गो को आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण कर स्वस्थ जीवनशैली व आयुर्वेद आधारित स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। दिव्यांगजनों के सहयोग व सुविधा के लिए व्हील वाली ऑटोमैटिक गाड़ी का वितरण किया गया। साथ ही खादी सामग्री जैसे कि शॉल का वितरण कर स्वदेशी की भावना को प्रोत्साहित किया गया।



हितग्राहियों का बनाया गया कार्ड

कार्यक्रम मे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड बनाया गया ताकि उन्हें शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। वृद्धजनों के सम्मान, स्वास्थ्य सुरक्षा, शासकीय योजनाओं से जोड़ते हुए उनके जीवन को अधिक स्वस्थ, सुरक्षित व सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा वृद्धजनों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का संदेश देते हुए स्वास्थ्य व कल्याण के लिए विभागों के बीच समन्वित प्रयासों को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियो, अधिकारियों व विभागीय कर्मचारियों द्वारा वृद्धजनों से संवाद कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं और समस्याओं की जानकारी लेकर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं और शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन, डॉ पंकज वैष्णव, डीपीएम सोनल धुरव, डॉ अनम फातिमा, डॉ डीएन श्रीवास्तव, डॉ नागेश सिमकर, बोधन परते, बीपीएम आकाश तम्बोली सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।







सार समाचार

अवैध परिवहन में लिप्त वाहनों पर कार्रवाई

राजनांदगांव। वन परिक्षेत्र राजनांदगांव अंतर्गत वृक्षों की अवैध कटाई और लकड़ियों की तस्करी मामले में वन विभाग कद्वारा संघन गस्त अभियान चलाया जा रहा है। वहीं अवैध तस्करी में शामिल लोगों और वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में वन अमले की उड़नदस्ता टीम द्वारा रात्रि गस्त के दौरान अवैध परिवहन में लिप्त तीन वाहनों को पकड़ा गया।



राजनांदगांव से डोंगरगांव मार्ग में रामपुर घोरदा के समीप दो वाहनों में अवैध रूप से सागौन, कहुआ एवं जामुन मिश्रित प्रजाति काष्ठ बिना वैध कागजात के परिवहन करते पाया गया। इसी तरह खुज्जी परिक्षेत्र अंतर्गत हेदरकोड़ो में मध्य रात्रि में एक वाहन में अर्जुन एवं बैर प्रजाति के काष्ठ जब्त कर कार्रवाई की गई। तीनों ही मामलों में भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। वनमंडलाधिकारी के निर्देशन एवं प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा अधिकारी यशस्वी मौर्या उपवनमंडल अधिकारी के मार्गदर्शन में अवैध परिवहन और तस्करी को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

जनपद पंचायत भवन के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत

राजनांदगांव। राजनांदगांव के पुराने जनपद पंचायत भवन के जीर्ण-शीर्ण होने तथा जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के नागरिकों द्वारा लंबे समय से नवीन जनपद पंचायत कार्यालय भवन की मांग की जा रही थी। जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की इस आवश्यकता को देखते विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा से नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया था।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के आग्रह पर पंचायत संचालनालय द्वारा राजनांदगांव में नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 36 लाख 42 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

शराब की टूटी बोतल से जानलेवा हमला

राजनांदगांव। फोन नहीं उठाने की बात को लेकर युवक पर पत्थर एवं शराब की टूटी बोतल से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

प्रार्थी द्वारा थाना सोमनी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 30 सितंबर को उसका परिचित देवेन्द्र कुमार लहरे उर्फ गट्टू उसे मिलने के लिए बुलाया था। प्रार्थी के ग्राम अंजोरा स्थित मिनी स्टेडियम पहुंचने पर आरोपी द्वारा फोन नहीं उठाने की बात को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज की जाने लगी। प्रार्थी द्वारा गाली-गलौज करने से मना करने पर आरोपी ने अपने हाथ में रखे पत्थर से प्रार्थी के सिर पर वार किया तथा पास में पड़ी शराब की खाली बोतल को तोड़कर उसके टुकड़े से प्रार्थी के गर्दन एवं पेट में वार कर गंभीर चोंट पहुंचाया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी देवेन्द्र कुमार लहरे उर्फ देवेन्द्र उर्फ गट्टू 18 वर्ष निवासी ग्राम फुसेरा थाना बिरेझर जिला धमतरी हाल पता ग्राम कोंपेडीह को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद कार्रवाई, कार्यक्रमों में ले जाने पर पाबंदी

परीक्षा रद्द कर बच्चों को कार्यक्रम में भेजा, डीईओ ने गठित की जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिना विभागीय अनुमति के परीक्षा रद्द कर बच्चों को आयोजन में भेजे जाने, पांचवी कक्षा की मार्कशीट में त्रुटि के मामले को लेकर कांग्रेस द्वारा की गई शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने इस पर त्वरित कार्रवाई की और तीन अलग-अलग नोटिस जारी किया है।

बुधवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया था, यहां उन्होंने शहर के ऑडिटोरियम में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम में बच्चों को भेजने के लिए पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल में परीक्षा रद्द किए जाने का मामला उठाया था। वहीं उन्होंने कक्षा पांचवी की अंक सूची में पिता के नाम पर गड़बड़ी होने और इसमें सुधार नहीं किए जाने को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की थी। इसके साथ ही कांग्रेस कमेटी द्वारा भविष्य में बच्चों को भीड़ बढ़ाने के लिए किसी भी कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण शैक्षिक बाधित कर नहीं भेजे जाने की मांग की गई थी, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संबंधित और विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है।

बच्चों को भेजने पर रोक

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को जारी नोटिस में कहा गया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं अध्यापन कार्य प्रभावित न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों को किसी भी राजनीतिक, गैर शैक्षणिक अथवा दलगत कार्यकमों में भीड़ जुटाने शामिल न किया जाए। उक्त निर्देशों का कडाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

बीईओ को नोटिस जारी

राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत कक्षा पांचवी की रिजल्ट में त्रुटि मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बीईओ को नोटिस में कहा गया कि वर्ष 2026 में कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवी की परीक्षा संपन्न हुई थी। उक्त परीक्षा परिणाम की अंकसूची में एवं त्रुटि सुधार अंकसूची विकासखंड के कई स्कूलों को आज पर्यन्त तक अप्राप्त है। त्रुटि सुधार कर अंकसूची अब तक उपलब्ध क्यों नहीं कराया गया। उन्होंने 5 अक्टूबर तक जवाब देने कहा है।

जांच प्रतिवेदन के लिए निर्देश

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बीते 29 सितम्बर को त्रैमासिक परीक्षा के बीच पद्मलाल पुन्नालाल बक्शी विद्यालय की कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों की परीक्षा निरस्त कर पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में आयोजित कार्यकम में ले जाए जाने, परीक्षा निरस्त किए जाने और अंकसूची में गंभीर त्रुटियों के संबंध में जांच कर इसमें दोषियों पर कार्रवाई को लेकर कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रभारी सहायक संचालक रश्मि सिंह और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलाई के प्राचार्य रामकृष्ण जोशी को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है ।

विखं स्तरीय भाषण एवं ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



राजनांदगांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित विकासखंड स्तरीय भाषण एवं ड्राइंग प्रतियोगिता कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। सरपंच शंकुल बडोले, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष विमला सिन्हा, बीईओ जितेन्द्र उईके, विरेन्द्र साहू, दयालशरण मेश्राम, संतुराम चौरे, पुष्पेंद्र यादव, महेश साहू, ईमला कोर्राम, चंद्रकला सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते भाषण और चित्रकला के माध्यम से अपनी प्रतिभा, रचनात्मक सोच एवं विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। श्रीमती वैष्णव ने प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते कहा कि प्रतियोगिता में पुरस्कार से अधिक महत्वपूर्ण सहभागिता, प्रयास और सीखने की भावना होती है।

छूटे हितग्राहियों को राशन का वितरण 15 अक्टूबर तक

राजनांदगांव। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से शासन के निर्देश अनुसार सितंबर माह में सितंबर-अक्टूबर दो माह का राशन वितरण किया जाना था। लगभग 20 हजार राशन कार्डधारियों ने सितंबर माह में राशन का उठाव नहीं किया है। इन हितग्राहियों के लिए राशन लेने की तिथि में बढ़ोत्तरी करते इसे 15 अक्टूबर तक कर दिया गया है।

राजनांदगांव जिले में 499 राशन दुकानों के माध्यम से 2 लाख 67 हजार राशन कार्डधारियों द्वारा राशन लिया जाता है। 2 माह के चावल आबंटन के लिए लगभग 2 लाख 47 हजार राशन कार्डधारी हितग्राहियों ने अपना राशन लिया है। वहीं लगभग 20 हजार राशन कार्डधारियों ने राशन नहीं लिया है।

प्रतिमाह 88 हजार क्विंटल की खपत

एक माह में लगभग 88 हजार क्विंटल चावल का वितरण होता है। जिसके लिए 86 हजार क्विंटल चावल का भंडारण किया जाता है। एपीएल योजना के तहत कई हितग्राही राशन लेने नहीं पहुंचते हैं। ऐसे में लगभग 94 प्रतिशत ही राशन का आबंटन होता है।

80 प्रतिशत मिलर्स ने जमा किया चावल

90 मिलर्स के माध्यम से नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा किया जाता है। खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी ने बताया कि 80 हजार मीट्रिक टन चावल जमा करने का लक्ष्य है। अब तक 63 हजार मीट्रिक टन चावल नागरिक आपूर्ति निगम में जमा हो चुका है।

आज से फुटबॉल स्पर्धा आठ टीमें होगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फ्रैंक ब्रदर्स के तत्वाधान में आज से तीन दिवसीय फुटबॉल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में आठ टीमें भाग ले रही है, जिनके मध्य कुल सात मैच स्टेट स्कूल मैदान में खेले जाएंगे।

नॉकआउट पद्धति से हो रही इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव के अलावा कवर्धा, डोंगरगढ़, छुईखदान, मनेरी और डोंगरगांव की टीमें भी भाग ले रही है। आयोजन के तहत आज चार क्वार्टर फाइनल मैच खेले जाएंगे। पहला मैच सुबह 9 बजे खैरागढ़ विरुद्ध राजनांदगांव जूनियर बॉयज, दूसरा मैच कवर्धा विरुद्ध डोंगरगढ़, तीसरा मैच डोंगरगांव विरुद्ध छुईखदान और चौथा मैच फ्रैंक ब्रदर्स विरुद्ध मनेरी के मध्य खेला जाएगा।

प्रतियोगिता से होगा चयन

प्रतियोगिता इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस प्रतियोगिता के आधार पर ही अंतर डीएफए प्रतियोगिता के लिए राजनांदगांव डीएफए की सीनियर टीम का चयन इसी प्रतियोगिता के आधार पर किया जाएगा। यही कारण है कि संभाग के सभी बेहतर खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 15 हजार रुपए एवं ट्रॉफी और उपविजेता टीम को दस हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी दी जाएगी।





खबर संक्षेप

जिले में 5 अक्टूबर को होगा खिलौना संग्रह अभियान

कवर्धा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए अतिरिक्त खेल सामग्री उपलब्ध कराने तथा बच्चों की खुशियों में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खिलौना बैंक के लिए खिलौना संग्रह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से आम नागरिकों से स्वेच्छा से बच्चों के लिए खिलौने एवं खेल सामग्री उपलब्ध कराने की अपील की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि शासन की ओर से प्रत्येक वर्ष आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-स्कूल किट सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही स्थानीय संसाधनों जैसे कपड़े, मिट्टी, कागज, गत्ते आदि से खिलौने तैयार करना भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य बच्चों को नियमित रूप से खेल-खेल में सीखने के अवसर उपलब्ध कराना और उनकी सृजनात्मकता को बढ़ावा देना है। आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध एवं स्थानीय स्तर पर तैयार किए गए खिलौनों का बच्चे नियमित रूप से उपयोग करते हैं। खेल-खेल में इन खिलौनों के टूटने-फूटने के कारण केंद्रों में अतिरिक्त खेल सामग्री की आवश्यकता बनी रहती है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत खिलौना बैंक की पहल की गई है।

पंडरिया विस को विकास के हर क्षेत्र अग्रणी बनाना संकल्पित : भावना

महली को 29 लाख 22 हजार के विकास कार्यों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उनके द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल एवं कृषि सहित बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में गुरुवार को कुण्डा मण्डल अंतर्गत ग्राम महली में 29 लाख 22 हजार रूपए की सौगात विधायक भावना बोहरा ने दी, वही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित लोकार्पण समारोह एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में विधायक श्रीमती बोहरा सम्मिलित हुईं। उन्होंने 29 लाख 22 हजार रु की लागत से नवीन निर्माण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन का लोकार्पण किया।

साथ ही सेवा संकल्प अभियान के तहत हितग्राहियों को प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। उल्लेखनीय है कि विधायक भावना बोहरा द्वारा सेवा ही भावना है संस्थान के माध्यम से क्षेत्र में अनेक निःशुल्क जनसेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं महाविद्यालय की छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा, विद्यार्थियों हेतु साइंस की पाठशाला, विधानसभा क्षेत्र के सातों मण्डलों में निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, निःशुल्क मोबाइल हेल्थ लैब सेवा, इन सेवाओं से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणजन, विद्यार्थी एवं जरूरतमंद परिवार सीधे लाभान्वित हो रहे हैं।



शिक्षा समाज की प्रगति का आधार है - विधायक

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर महली में आयोजित लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा ही समाज की प्रगति का आधार है। जब तक हमारे गाँव-गाँव में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर भवन, बेहतर कक्षाएं और बेहतर वातावरण नहीं मिलेगा, तब तक विकसित पंडरिया का संकल्प अधूरा रहेगा। विद्यालयों में बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध कराना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्रीमती बोहरा ने कहा आज महली में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन का लोकार्पण केवल ईंट और सीमेंट का निर्माण नहीं है, यह हमारे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। आने वाले वर्षों में इन्हीं कक्षाओं से डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक और जनसेवक निकलेंगे, जो क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

हमारी सरकार व हमारा संकल्प स्पष्ट है

स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और कृषि, इन चार स्तंभों पर पंडरिया का समग्र विकास होगा। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से हम शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रहे हैं। आज हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित कर मुझे आत्मिक संतोष मिला है, क्योंकि यही सच्ची जनसेवा है। मां के नाम एक पेड़' अभियान के तहत आज किया गया पौधरोपण पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। जिस प्रकार मां हमें जीवन देती है, उसी प्रकार पेड़ हमें प्राणवायु देते हैं। मैं सभी विद्यार्थियों से आग्रह करती हूँ कि एक-एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल करें। आपके आशीर्वाद और सहयोग से पंडरिया विधानसभा को विकास के हर क्षेत्र में अग्रणी बनाना ही मेरा संकल्प है।

कलेक्टर ने अपर कलेक्टर संदीप ठाकुर को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया संदीप कुमार ठाकुर के रायपुर विकास प्राधिकरण में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने संदीप कुमार ठाकुर को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनको उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कबीरधाम जिले में नवपदस्थ संयुक्त कलेक्टर अमित नाथ योगी, महेश सिंह राजपूत एवं डिप्टी कलेक्टर संजय मरकाम का स्वागत किया और उन्हें जिले में सौंपे गए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं। संदीप कुमार ठाकुर ने 21 नवंबर 2022 को संयुक्त कलेक्टर के रूप में कबीरधाम जिले में पदभार ग्रहण किया था। उन्होंने 30 अक्टूबर 2026 तक जिले में विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन किया। विदाई समारोह में उनके कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों एवं प्रशासनिक योगदान को स्मरण करते हुए अधिकारियों ने उनके साथ कार्य करने के अनुभव साझा किए। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है। ठाकुर ने कबीरधाम जिले में अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन किया।

उन्होंने ठाकुर को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रायपुर विकास प्राधिकरण में भी वे अपने अनुभव और कार्यकुशलता से बेहतर योगदान देंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने भी संदीप कुमार ठाकुर के साथ कार्य करने के अनुभव साझा करते हुए उनके आगामी दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

कन्झेटा स्कूल में नमो सेवा गाथा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्झेटा विकासखंड पंडरिया में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नमो सेवा गाथा नुक्कड़ नाटक का मंचन विद्यालयीन छात्र छात्रों के द्वारा किया गया।

प्राचार्य संजय वैष्णव के द्वारा दी जानकारी अनुसार इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और जनसमुदाय को 25 वर्ष पूर्व के भारत और 25 वर्ष के बाद विकसित भारत के सपनों से जागरुक करना है । नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों में स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन मिशन और नशामुक्त भारत जैसी महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं को रोचक और सरल भाषा में प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से समाज के विकास में प्रत्येक नागरिक और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रभावी संदेश दिया गया।

उक्त कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, परस चंद्रवंशी सरपंच भागीरथी सोनवानी, मुरली चंद्रवंशी, मोहन साहू, बबलू चंद्रवंशी और विद्यालय से समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

आंगन मिलन सेवा हर्षोल्लास से मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ग्राम पंचायत परसवारा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पोषण माह अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर घुघरीकला के तत्वावधान में अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंचायत के उपसरपंच देवराज चंद्रवंशी, मितानिन जानकी चौरिया, समूह की महिलाओं मिथिला चौरिया, कुसुम चंद्रवंशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मधु चौरिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रत्ना चंद्रवंशी, आंगनबाड़ी सहायिका, स्वास्थ्य शिशु की माताएं, 0 से 6 वर्ष के बच्चे, महतारी वंदन योजना एवं मातृ वंदना योजना के हितग्राही तथा गर्भवती माताएं उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों का गुलाल लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों को प्रमाण-पत्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में विभिन्न गतिविधियों का समावेश किया गया। जिसमें न्योता भोज, सुपोषण खिचड़ी, रंगोली, मेहंदी, अनुभव साझा करना एवं खिलौना दान प्रमुख रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को खिलौने भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थित हितग्राहियों एवं ग्रामीणों को दी गई। साथ ही स्वच्छ एवं सुपोषित समाज के निर्माण में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा स्वस्थ और सुपोषित राज्य बनाने की अपील की गई। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों, जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

बोड़ला के हिंदू संगम परिसर में 2 से 4 अक्टूबर तक होगा सेवांकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत स्थित हिंदू संगम परिसर बोड़ला में तीन दिवसीय सेवांकुर भारत संस्था के कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सेवांकुर भारत संस्था और सहयोगी संस्था रानी दुर्गावती जन कल्याण परिषद हिंदू संगम बोड़ला है। प्रदेश भर के मेडिकल कॉलेजों से 200 से ज्यादा विद्यार्थी और विशेषज्ञ डॉक्टर होंगे शामिल आयोजन को लेकर रानी दुर्गावती जन कल्याण परिषद के सचिव दुर्गेश वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत करीब 200 से ढाई सौ विद्यार्थी, मेडिकल कॉलेज के स्पेशलिस्ट डॉक्टर और प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र संघ चालक एवं सेवांकुर भारत के मुख्य मार्गदर्शक एवं संरक्षक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना, सेवांकुर भारत राष्ट्रीय उपक्रम प्रमुख डॉ प्रशांत गायकवाड़ ,कवर्धा मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ प्रतिभा जैन शाह और राजनांदगांव लोकसभ के सांसद संतोष पांडे, विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चंद्रवंशी ,जिला संघ चालक दानेश्वर सिंह परिहार सहित अतिथियों की उपस्थित रहेंगे।

तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा

पहले दिन सुबह 11 बजे तक सभी प्रतिभागी हिंदू संगम पहुंचेंगे। दोपहर 2 बजे तक परिचय सत्र, 4 से 5 बजे तक बौद्धिक सत्र, 6 से 7 बजे तक शाखा, 8 से 9 बजे तक भोजन और 9 से 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें डॉक्टर अपनी प्रतिभा के अनुसार नाटक, गीत, कविता की प्रस्तुति देंगे। दूसरे दिन अल्पाहार के पश्चात बौद्धिक सत्र और केंद्र के अधिकारियों का उद्बोधन होगा। दोपहर 11 बजे भोजन के बाद सभी टीमें अपने-अपने शिविर स्थल के लिए रवाना होंगी और दोपहर 3 बजे तक गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से संपर्क करेंगी। रात्रि में गांव में ही भजन संध्या और ग्रामीणों के बीच विश्राम करेंगे।

तीसरे दिन चिकित्सा शिविर,दीक्षांत और रानी दुर्गावती जयंती समारोह

तीसरे दिन सुबह 8 से 12 बजे तक गांवों में चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे तक सभी टीमें वापस हिंदू संगम पहुंचेंगी। दोपहर 3 से 5 बजे तक समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसी दौरान रानी दुर्गावती जयंती समारोह एवं युवा सम्मेलन का भी आयोजन होगा, जिसमें आदिवासी समाज के 1000 युवा शामिल होंगे। कार्यक्रम में कृषि, बौद्धिक, खेल, सामाजिक और चिकित्सा क्षेत्र के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को युवाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

वनांचल के 40 गांवों में लगेगी स्वास्थ्य जन चौपाल

कार्यक्रम के तहत वनांचल क्षेत्र के 200 गांवों को जोड़ने वाले 40 प्रमुख केंद्रों के गांव में एक साथ स्वास्थ्य जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन डॉक्टरों और विद्यार्थियों की टीम चिन्हांकित गांवों में जाकर डोर टू डोर जनसंपर्क करेगी। तीसरे दिन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श और निशुल्क दवा वितरण किया जाएगा। इसमें एलोपैथी के साथ आयुर्वेद के विशेषज्ञ भी शामिल रहेंगे। गंभीर बीमारियों के मरीजों को बड़े अस्पतालों में इलाज के लिए रेफर करने की व्यवस्था भी की जाएगी।

सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत साहू संघ कुण्डा द्वारा पौधरोपण



कुण्डा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत देशभर में विविध सेवा कार्य आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में साहू संघ कुण्डा द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं साहू संघ द्वारा छत्तीसग साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरेंद्र साहू के जन्मदिन के अवसर पर गुलमोहर के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व महामंत्री महेश्वर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। एक पौधा लगाना आने वाली पीढ़ी के लिए सबसे बड़ा उपहार है। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर साहू संघ कुण्डा के संरक्षक सुधाराम साहू जिला महामंत्री महेश्वर साहू जूठेल साहू विनोद साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित थें। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

समारोह में महिलाओं ने खेल, नृत्य व भजन से बांधा समां

तीज मिलन समारोह का आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

सर्व क्षत्रिय कुर्मी महिला समाज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीज मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अन्नपूर्णा चंद्राकर, सर्व कुर्मी समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष सुषमा चंद्रवंशी, इन्द्राणी चंद्रवंशी, विद्या चंद्रवंशी, कविता चंद्रवंशी, उर्वशी चंद्रवंशी, उत्तरा चंद्रवंशी, जनपद सदस्य पंडरिया कुसुम चंद्रवंशी, सुरेखा चंद्रवंशी सहित समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। महिलाओं का कुमकुम तिलक लगाकर एवं सुहाग सामग्री भेंट कर स्वागत किया गया। तीज मिलन समारोह में फुगड़ी, बॉल पासिंग, सोलह श्रृंगार, एकल नृत्य एवं भजन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



प्रतियोगिता में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर कर लिया हिस्सा

फुगड़ी प्रतियोगिता में गीता वर्मा ने प्रथम तथा देवकी वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बॉल पासिंग में सरोजनी चंद्रवंशी प्रथम और अनीता चंद्रवंशी द्वितीय रहीं। सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में भगवती चंद्रवंशी प्रथम तथा अनीता चंद्रवंशी द्वितीय रहीं। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। सरोजनी चंद्रवंशी एवं लता चंद्राकर ने भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उभरती कलाकार कुमारी हेजल वर्मा ने स्वागत गीत एवं पंडवानी की शानदार प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उपस्थित महिलाओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में कर्मा एवं सुवा गीतों पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन हेमेश्वरी वर्मा एवं गायत्री चंद्रवंशी ने किया। खेल प्रभारी अल्का चंद्रवंशी, मंजू चंद्राकर एवं मधु चंद्रवंशी रहीं। आयोजन व्यवस्था में सुषमा चंद्रवंशी तथा आयोजक सुरेखा चंद्रवंशी एवं निशा चंद्रवंशी सहित समाज की महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



खबर संक्षेप

दुर्गा पंडालों में अग्नि सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतने की अपील

कवर्धा। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए जाने वाले दुर्गा पंडालों में अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने सभी पंडाल आयोजकों से आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपायों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पंडाल निर्माण से लेकर विद्युत व्यवस्था एवं अन्य गतिविधियों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से पंडाल की ऊंचाई किसी भी स्थिति में 3 मीटर से कम नहीं होनी चाहिए। पंडाल निर्माण में सिंथेटिक सामग्री से बने कपड़े अथवा रस्सी का उपयोग नहीं किया जाए। पंडाल के चारों ओर कम से कम 4 से 5 मीटर खुला स्थान रखा जाए, ताकि आपात स्थिति में श्रद्धालु सुरक्षित रूप से बाहर निकल सकें। पंडाल को बिजली की लाइन के नीचे अथवा बिजली ट्रांसफार्मर के नजदीक किसी भी स्थिति में स्थापित नहीं किया जाए। इसी प्रकार पंडाल रेलवे लाइन, बिजली सब-स्टेशन, चिमनी अथवा भट्टी से कम से कम 15 मीटर की दूरी पर स्थापित किया जाए। पंडाल अथवा अस्थायी निर्माण के अंदर हैलोजन लाइट का उपयोग किसी भी स्थिति में नहीं किया जाए।

पंडवानी के माध्यम से एचआईवी-एड्स से बचाव का दिया संदेश

कवर्धा। इंटेंसिफाइड आईईसी कैंपेन 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोना, सोनपुरी रानी एवं नगर पंचायत पिपरिया के बड़े बाजार में एचआईवी-एड्स के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय पंथी भजन एवं पंडवानी गायिका श्रीमती प्रतिमा बारले ने अपनी लोककला एवं पंडवानी प्रस्तुति के माध्यम से आमजन को एचआईवी-एड्स के कारण, लक्षण, बचाव एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। लोककला के माध्यम से दी गई सरल एवं प्रभावी प्रस्तुति ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और एचआईवी-एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश आमजन तक पहुंचाया।

राज्य स्तरीय रोजगार मेला 7 व 8 अक्टूबर को

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार विभाग द्वारा 7 एवं 8 अक्टूबर 2026 को सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बूढ़ापारा, रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों की प्रतिष्ठित 25 से अधिक कंपनियों एवं संस्थाओं द्वारा 8700 से अधिक तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती की जाएगी।
रोजगार मेले में शामिल होने के लिए आवेदकों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं कक्षा से स्नातकोत्तर तक तथा आवश्यकतानुसार तकनीकी योग्यता निर्धारित की गई है। आवेदकों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को पद एवं योग्यता के अनुसार 10 हजार से 35 हजार रुपए तक वेतन प्राप्त होगा। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है तथा अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है।

हल्लाबोल : रेंगाखार व इंदौरी में बिजली कार्यालयों का किया घेराव

बिजली बिल से जनता बेहाल, स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बिजली दरों में वृद्धि, बढ़ते बिजली बिल और स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतों के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल के निर्देश एवं मार्गदर्शन में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेंगाखार और इंदौरी स्थित बिजली कार्यालयों का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। रेंगाखार में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभाती मरकाम तथा इंदौरी में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने की मांग उठाई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार एक ओर महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को 1000 देने का प्रचार कर रही है, वहीं दूसरी ओर बढ़े हुए बिजली बिलों और अन्य शुल्कों के कारण आम परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि जनता को राहत देने के बजाय अगर बिजली के बिलों का बोझ बढ़ाया जा रहा है तो सरकार को इसका जवाब देना होगा।

महतारी वंदन के नाम पर 1000 देने का प्रचार और दूसरी तरफ परिवारों की जेब से बढ़े हुए बिजली बिलों के जरिए अधिक राशि निकलना इस दोहरे बोझ पर सरकार को जनता के सामने स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। पूर्व महामंत्री अर्जुन तिवारी ने कहा कि कांग्रेस के पास लगातार ऐसे उपभोक्ता पहुंच रहे हैं, जो अधिक बिजली बिल, अतिरिक्त शुल्क और बिलों में विसंगतियों की शिकायत कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों को बिजली बिल में वास्तविक राहत दी जाए।

उन्होंने कांग्रेस सरकार के समय लागू हाफ-बिल योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने की दिशा में प्रभावी व्यवस्था की जरूरत है। रेंगाखार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभाती मरकाम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता बढ़े हुए बिल, अतिरिक्त शुल्क और बिलों में विसंगतियों से परेशान हैं।

साथ ही कवर्धा ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी व किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी, युवा नेता आनंद सिंह तथा युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव तुकाराम चन्द्रवशी ने संबोधित कर पदस्थ सरकार पर निशाना साधा। रेंगाखार और इंदौरी में हुए प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस ने सरकार से बिजली बिलों में पारदर्शिता, उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण और स्मार्ट मीटर को लेकर स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की।





स्मार्ट मीटर के बाद अधिक बिल आने से उपभोक्त परेशानः ममता

पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की आशंकाओं और शिकायतों को नजरअंदाज करके कोई भी व्यवस्था थोपने के बजाय सरकार और बिजली विभाग को पहले जनता की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष 2026 में अधिक बिजली बिल तथा स्मार्ट मीटर के बाद अधिक बिल आने से संबंधित उपभोक्ता शिकायतें दर्ज हुई हैं।

शिकायतों का निराकरण व पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रखी जाएंः अर्जुन

पूर्व महामंत्री अर्जुन तिवारी ने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर भी उपभोक्ताओं के बीच कई सवाल और शिकायतें सामने आ रही हैं। कांग्रेस की मांग है कि स्मार्ट मीटर लगाने से पहले उपभोक्ताओं को स्पष्ट जानकारी दी जाए, शिकायतों का निराकरण किया जाए और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रखी जाएं, उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय लागू हाफ बिल योजना लागू किया जाएं।



विजय शर्मा ने जाना सड़क हादसे में घायलों का हाल

- मरकाटोला घाट सड़क हादसे के घायलों व परिजनों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नेशनल हाईवे-30 स्थित मरकाटोला घाट पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में घायल कवर्धा के लोगों से मिलने उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा रायपुर के पं जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचे। उन्होंने घायलों का कुशलक्षेम जाना और उनके परिजनों से मुलाकात कर उपचार की स्थिति की जानकारी ली।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने घायल रोमन सोरा से मुलाकात कर उनसे स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने परिजनों से भी उपचार और अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में चर्चा की। परिजनों ने उपचार व्यवस्था पर संतुष्टि व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से घायल के स्वास्थ्य और आगे के उपचार की जानकारी ली। चिकित्सकों ने बताया कि घायल के पैरों का ऑपरेशन किया जाना है। शारीरिक स्थिति सामान्य होने के बाद आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस पर उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों एवं संबंधित अधिकारियों को बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अस्पताल सुपरिटेंडेंट डॉ संतोष सोनकर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सुंदरानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा हादसे के बाद से लगातार सभी घायलों के उपचार की जानकारी ले रहे हैं। एक घायल को उच्च स्तरीय उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क उपचार सुनिश्चित कराया जा रहा है। घायलों के परिजनों के ठहरने के लिए सेवा सदन में निःशुल्क व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई।

घायलों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराई जाएं

डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में भर्ती सभी घायलों को समुचित एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। इस बीच स्वास्थ्य में सुधार के बाद अरमान कोसले, गणेश पात्रे, प्रदीप साहू और दीप चन्द्र को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

क्षेत्र में शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर, भक्तों में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। गांव के हनुमान मंदिर के पास ब्राह्मण पारा समिति एवं बूढ़ा महादेव समिति सहित विभिन्न समितियों द्वारा नवरात्रि पर्व को लेकर बैठक कर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। समितियों के सदस्य पंडाल निर्माण सहित अन्य तैयारियों में जुट गए हैं। प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के पावन पर्व पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीणों में नवरात्रि पर्व को लेकर उत्साह का माहौल है। खास बात यह है कि इस वर्ष हनुमान मंदिर के पास ब्राह्मण पारा में नई समिति का गठन किया गया, समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

नई समिति बनने से ब्राह्मण पारा मोहल्ले में भी पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इस वर्ष एक नई समिति बनने के बाद कुल पांच स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की जाएगी। साथ ही साथ मां महामाया मंदिर में ज्योति-जवारा कलश स्थापना का आयोजन किया जाएगा। वहीं दशहरा पर्व का आयोजन भी समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मां महामाया मंदिर के पास किया जाएगा।

वहीं नवरात्रि एवं दशहरा आयोजन को सफल बनाने में बजरंगबली समिति, ब्राह्मण पारा समिति, बूढ़ा महादेव समिति, बजरंग दल समिति, शारदा समिति, मां महामाया समिति एवं ग्राम पंचायत कोलेगांव का सहयोग रहेगा।

बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश



- शिक्षक लक्ष्मण बांधेकर ने भेंट किए कूड़ेदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता में सहभाग स्वच्छ भारत, विकसित भारत थीम को लेकर शासकीय प्राथमिक शाला रहमान कापा में स्वच्छता एवं जन-जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सेवा संकल्प के अंतर्गत विद्यार्थियों ने नमो सेवा गाथा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर स्वच्छता, जनभागीदारी और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।

नाटक के माध्यम से कचरे का उचित निपटान, सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। इसी क्रम में विद्यालय के सहायक शिक्षक लक्ष्मण बांधेकर ने अपने शिक्षकीय जीवन के 13 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विद्यालय सहित स्थानीय 6 दुकानों और चेक पोस्ट पर कूड़ेदान भेंट किए।

इस पहल का उद्देश्य लोगों को कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना है। प्रधान पाठक राजेश कुमार पात्रे ने कहा कि स्वच्छता तभी प्रभावी होगी, जब इसमें हर व्यक्ति की सहभागिता हो। शिक्षक लक्ष्मण बांधेकर द्वारा कूड़ेदान भेंट करने की पहल स्वच्छता के संदेश को व्यवहार में उतारने का सार्थक प्रयास है। ऐसे प्रयास बच्चों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ समाज को भी सकारात्मक संदेश देते हैं। इस अवसर पर शिक्षक, पंच, स्थानीय लोग और विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता को अपने व्यवहार में अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने के संकल्प के साथ हुआ।

वातावरण को स्वच्छ बनाने की अपील

शिक्षक लक्ष्मण बांधेकर ने कहा कि शिक्षकीय जीवन के 13 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उन्होंने ऐसा प्रयास करने की सोची, जिसका लाभ विद्यालय और समाज को मिले। स्वच्छता केवल पखवाड़े तक सीमित रहने वाला अभियान नहीं, बल्कि हमारी रोजमर्रा की आदत होनी चाहिए। कचरे का सही निपटान कर हम अपने विद्यालय, गांव और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

ग्राम दुल्लापुर में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

आंगनबाड़ी केंद्र दुल्लापुर सेक्टर पिपरिया परियोजना दशरंगपुर में बुधवार को पोषण एवं सेवा पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा एवं योजना पहला पोषण आहार, दूसरा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, तीसरा सुकन्या समृद्धि योजना, चौथा नोनी सुरक्षा योजना, पांचवां महतारी वंदना, छठवां प्रधानमंत्री कन्या विवाह।

इन सभी योजना के बारे में आंगनबाड़ी सुरुज धुर्वे एवं सहायिका पुष्पा मानिकपुरी ने ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि के समक्ष अच्छी से बताई। इस कार्यक्रम में उपस्थित राजू राम धुर्वे, नागेश्वर वैष्णव, संजय चंद्रवंशी, श्रीमती अर्चना केशरवानी, संतोषी धुर्वे एवं गीता वैष्णव, समूह की सक्रिय महिला पूर्णिमा वैष्णव, समूह के अध्यक्ष सचिव एवं पालकगण कुंती, त्रिवेणी, रजवंतीन फूलबाई, भारती, आरती, हिमानी, कमलेश्वरी, अनीता निलम, सूरजा, झुनिया, कामीन, जगौतीन, इंद्राणी, महेश्वरी, संध्या, सेवती, गंगा, तिजमती, चम्पा, सावित्री, पुष्पा सुकृति, सुखीन सहित ग्रामवासी उपस्थित थें साथ ही इस कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं ने बहुत अच्छे खेलकूद एवं रंगोली प्रतियोगिता, घोड़ा दौड़ एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



वृद्धजनों को शाल भेंटकर शिक्षक ने लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को गृहग्राम महली में शिक्षक दंपत्ति व्याख्याता रसायन शास्त्र तुलस राम चंद्राकर एवं श्रीमती यक्ष चंद्राकर शिक्षिका द्वारा वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ग्राम के 21 वृद्धजनों को श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गया तथा शिक्षक दंपत्ति एवं उनके समस्त परिवार ने वृद्धजनों से स्नेहपूर्वक आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर तुलस राम चंद्राकर ने कहा कि वृद्धजन हमारे परिवार और समाज की जीवंत धरोहर हैं। उनके अनुभव, संघर्ष, संस्कार और आशीर्वाद आने वाली पीढ़ियों के लिए अनमोल पूंजी हैं। वृद्धजनों का सम्मान केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि अपनी जड़ों और संस्कारों से जुड़े रहने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन में बुजुर्गों के आशीर्वाद का विशेष महत्व रहा है। इन्हीं बुजुर्गों के स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन से मुझे निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है।

राज्यपाल एवं राष्ट्रीय स्तर पर मिले सम्मान भी मेरे लिए केवल व्यक्तिगत उपलब्धियां नहीं, बल्कि समाज और बुजुर्गों के आशीर्वाद से मिली प्रेरणा का परिणाम हैं। वृद्धजनों के सम्मान की यह पहल निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सम्मान और आशीर्वाद की यह परंपरा आगे भी अनवरत चलती रहेगी।

कार्यक्रम में चंद्राकर परिवार के सभी सदस्यों ने सहभागिता निभाई तथा उपस्थित वृद्धजनों ने शिक्षक दंपत्ति एवं परिवार को स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया।

सुरक्षा व कानून-व्यवस्था को लेकर खम्हरिया व बाघामुड़ा में दी गई जानकारी

कवर्धा पुलिस ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन पर आमजन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने तथा स्थानीय स्तर की समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से पुलिस जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया भूपत सिंह के दिशा-निर्देश पर थाना कुण्डा क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया एवं थाना पंडरिया क्षेत्र के ग्राम बाघामुड़ा में पुलिस जन-चौपाल का आयोजन किया गया। संबंधित थाना पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों से सीधे संवाद कर गांव की स्थिति, स्थानीय समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली गई।

इस दौरान ग्रामीणों की बातों एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा आवश्यक विषयों से संबंधित विभागों को अवगत कराने एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए पहल करने का आश्वासन दिया गया। थाना कुण्डा क्षेत्र के ग्राम खमरिया में आयोजित जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों से क्षेत्र की समस्याओं एवं सुझावों के संबंध में चर्चा की गई। ग्रामीणों को गांव में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराध की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की समझाईश दी गई। पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ, शराब, गांजा अथवा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। साथ ही किसी भी आपातकालीन स्थिति में डॉयल 112 पर कॉल करने अथवा नजदीकी थाना-पुलिस चौकी को सूचना देने के संबंध में जानकारी दी गई।

जन चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

थाना पंडरिया क्षेत्र के ग्राम बाघामुड़ा में आयोजित जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों से उनकी दैनिक समस्याओं एवं गांव की आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। ग्रामीणों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, गांव में आवारा मवेशियों की समस्या, एवं पेयजल संबंधित समस्या के बारे में अवगत कराया गया। पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को संबंधित विभाग-अधिकारी के संज्ञान में लाकर आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराने का आश्वासन दिया गया।

अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत कवर्धा के संयुक्त तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी राज पटेल के मार्गदर्शन में माय भारत यूथ वालिंटियर्स द्वारा वृद्धाश्रम, कवर्धा में सेवा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। माय भारत यूथ वालिंटियर्स ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्ध माता-पिता के साथ समय बिताया। इस दौरान युवाओं ने वृद्धजनों के साथ बातचीत एवं मनोरंजन किया तथा उनकी सेवा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। युवाओं ने वृद्धजनों के साथ आत्मीयता से समय बिताते हुए उनके अनुभवों को जाना और समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता का संदेश दिया।